केन्द्रीय विद्यालय ,खम्मम

निर्माणात्मक आकलन १

कक्षा-९ वीं **२०१५ -२०१६** **समय -९० मिनट**

विषय -हिन्दी **पूर्णांक - ४०**

निर्देश :-

१) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं -क,ख,ग और घ |

२) चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है |

३) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

खण्ड-क(अपठित बोध)

प्र.१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | ४

आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है | जिसके जैसे संस्कार होंगे, वैसी ही उसकी भाषा होगी | जब कोई आदमी भाषा बोलता है तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं | यही कारणहै कि भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत गुरुतर और चुनौतीपूर्ण है | परम्परागत रूप में शिक्षक की भूमिका इन तीन कौशलों -बोलना,पढ़ना और लिखना तक सीमित कर दी गयी है | केवल यांत्रिक कौशल किसी जीती जागती भाषाका उदाहरण नहीं हो सकते हैं | सोचना और महसूस करना दो ऐसे कारक हैं जिनमें भाषा सही आकार पाती है | इनके बिना भाषा,भाषा नहीं है | केवल सम्प्रेषण ही भाषा नहीं है | दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवन्त नहीं हो सकती |

(१) आदमी की पहचान किससे होती है ?

(क) उसकी भाषा से (ख) उसके पहनावे से

(ग) उसके खानपान से (घ) उसकी शिक्षा से

(२) आदमी की भाषा से उसके बारे में क्या पता चलता है ?

(क) वह कितना पढ़ा-लिखा है (ख) वह कितना समृद्ध है

(ग) उसके संस्कार कैसे हैं (घ) वह कितना चतुर है

(३) भाषा के कौशल कौन-कौन से हैं ?

(क) पढ़ना (ख) लिखना

(ग) बोलना (घ) सभी भाषा के कौशल हैं

(४) कोई भाषा किसके बिना जीवन्त नहीं हो सकती ?

(क) दर्द व मुस्कान के बिना (ख) अभ्यास के बिना

(ग) समर्थन के बिना (घ) व्यवहार में लाए बिना

प्र.२ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये । ४

पक्षी और बादल
ये भगवान के डाकिए हैं
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं ।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लायी चिट्ठियाँ
पेड़,पौधे,पानी और पहाड़
बाँचते हैं ।
हम तो केवल यह आँकते हैं
कि एक देश की धरती
दूसरे देश को सुगंध भेजती है ।

(१) भगवान के डाकिए कौन है ?

(क) पर्वत और झरने (ख) पक्षी और बादल
(ग) पेड़ और पौधे (घ) पानी और हवा

(२) भगवान के डाकिए कहाँ से कहाँ तक जाते हैं ?

(क) एक महादेश से दूसरे महादेश (ख) एक नगर से दूसरे नगर
(ग) एक गाँव से दूसरे गाँव (घ) एक पेड़ से दूसरे पेड़

(३) प्रकृति को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है ?

(क) दुल्हन (ख) आनंद
(ग) संदेशवाहक (घ) मेहमान

(४) 'डाकिया' शब्द में 'इया' क्या है ?

(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय
(ग) मूल शब्द (घ) अन्य

खण्ड ख (व्याकरण)

प्र.३ निम्नलिखित व्याकरण से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए - ४

(१) 'भर' उपसर्ग युक्त शब्द छांटिए -

(क) भरा (ख) भरमार (ग) भारत (घ) भार्या ।

(२) 'ता' प्रत्यय का प्रयोग किस शब्द में हुआ है -

(क) पिता (ख) खता (ग) लता (घ) आवश्यकता ।

(३) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर उसका समास बताइए -

(क) नवग्रह (ख) देशप्रेम

<u>खण्ड-ग(साहित्य)</u>

प्र.४ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ४

ऊँचे कुल का जनमिया,जे करनी उंच न होई |

सुबरन कलस सुरा भरा,साधू निंदा सोई ||

(क) कबीर मनुष्य की श्रेष्ठता किसमे मानते हैं ?

(ख) साधु किसकी निंदा करते हैं ?

(ग) 'ऊँचे कुल' का क्या आशय है ?

(घ) 'सुबरन कलस सुरा भरा' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

प्र.५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ४

गधे का एक छोटा भाई और भी है, जो उससे कम ही गधा है और वह है 'बैल' | जिस अर्थ में हम गधे का प्रयोग करते हैं, कुछ उसी से मिलते-जुलते अर्थ में 'बछिया के ताऊ' का भी प्रयोग करते हैं | कुछ लोग बैल को शायद बेवकूफों में सर्वश्रेष्ठ कहेंगे, मगर हमारा विचार निसा नहीं है | बैल कभी-कभी मरता भी है, कभी-कभी अड़ियल बैल भी देखने में आता है | और भी कई रीतियों से अपना असंतोष प्रकट कर देता है , अतएव उसका स्थान गधे से नीचा है |

(१) कहानी तथा कहानीकार का नाम लिखिए ?

(२) बैल को गधे का छोटा भाई क्यों कहा गया है ?

(३) 'बछिया के ताऊ' किसे कहा जाता है और क्यों ?

(४) यहाँ 'गधे' का सांकेतिक अर्थ क्या है ?

प्र.६ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए | १०

(१) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ?

(२) उस समय के तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?

(३) किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से ? तर्क सहित उत्तर दीजिये

(४) भाव स्पष्ट कीजिये-

'खा-खाकर कुछ पायेगा नहीं,

न खाकर बनेगा अहंकारी |'

(५) **'मृत्यु का तरल दूत'** किसे कहा गया है और क्यों ?

(६) जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की सम्भावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किये ?

<u>खण्ड-घ(रचनात्मक लेखन)</u>

५

प्र.७ अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए जिसमें अपनी फीस माफ़ कराने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए|

अथवा

वृक्षों की कटाई रोकने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए |

५

प्र.७ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर १५० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |

(१) पर्यावरण व प्रदूषण

(२) विज्ञापन की दुनिया

(३) स्वच्छ भारत: एक कदम स्वच्छता की ओर

(४) भारत में भ्रष्टाचार

* * * * * *